## खबर संक्षेप

### जिले में चलाया जा रहा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान



**शहडोल।** पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की गयी है। एक पेड़ लोगों की जिंदगी के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। ताकि पर्यावरण स्वच्छ बना रहे। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा जब हर एक व्यक्ति एक-एक पौधा लगाए और उसकी सुरक्षा के लिए संकल्प लें। इसी कड़ी में शहडोल जिले में कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान प्रगति पर है एवं धरा को समृद्ध बनाने के लिए जिले के नागरिक उत्साह के साथ पौंधो का रोपण कर रहे है।

### नवनिर्मित तीसरी लाइन का निरीक्षण आज

**शहडोल।** बिलासपुर मंडल के अनुपपुर-कटनी रेलवे खंड में स्थित बंधवाबारा-घुनघुटी स्टेशनों के बीच नवनिर्मित तीसरी लाइन का निरीक्षण 05 जुलाई को रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा किया जाएगा। इस दौरान हाई स्पीड रेलवे इंजन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जाएगा। इस रेलखंड पर रेल परिचालन शुरू करने की प्रक्रिया में समय-समय पर हाई स्पीड रेल इंजन या निरीक्षण वाहन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जा रहा है। रेलवे के अधिकारियों ने एडवाइजरी जारी कर कहा है कि लोग स्टेशनों के बीच नवनिर्मित तीसरी लाइन के नजदीक न आएं तथा मवेशियों को भी रेलवे लाइन से दूर रखें। साथ ही, समपार फाटक पार करते समय सावधान रहें। रेल प्रशासन नागरिकों से ऐसे विकास कार्यों के लिए सहयोग की आशा करता है।

### दुर्घटना ग्रस्त हुआ डंपर, चालक की मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना अंतर्गत भमराहा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त डंफर में फंसे चालक को डायल-112/100 स्टाफ ने केबिन को काट कर बाहर निकाला एवं शासकीय अस्पताल ब्यौहारी पहुंचाया। ब्यौहारी अंतर्गत भमराहा गाँव के पास एक डंफर के एक्सीडेंट में एक व्यक्ति घायल हो गया था और वह दुर्घटनाग्रस्त डंफर में फंसा हुआ था । एक स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 04-07-2024 को प्रातः 04:24 बजे दी , डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया । डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक शैलेश मिश्रा पायलेट शेष मणि पाठक ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि डंफर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था, जिससे चालक डंफर में फंस गया था । डायल-112/100 स्टाफ ने ग्लाइंडर मशीन की व्यवस्था करके केबिन को काट कर चालक को बाहर निकाल कर शासकीय अस्पताल ब्यौहारी पहुँचाया, पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

## जांच पड़ताल में बरत रहे ढिलाई, मुसाफिर हो रहे परेशान

# कैंटीनों में न सही सामान, न रेलवे के नलों में ठंडा पानी

**शहडोल।** बरसात का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन ट्रेनों की भीड़ बरकरार है। लोग छुट्टियां मनाकर लौट रहे हैं। रिजर्वेशन के लाले पड़े हैं। ट्रेनों में कहीं खड़े होने की भी जगह दिखाई नहीं पड़ती। इन स्थितियों में रेलवे की अव्यवस्थाओं से लोगों की आवाजाही कितनी त्रासद होती होगी यह सहज ही अनुमानित है। यही नहीं लम्बी दूरी की कई ट्रेने लेट लतीफ भी चल रहीं हैं। स्टेशनों में स्वच्छ शीतल पेयजल की कहीं व्यवस्था नहीं रहती है। रेलवे कंटीनों में तो जैसे लूट मची हुई है, कोई जांच पड़ताल करने वाला नहीं। पानी का व्यवसाय शायद सबसे ज्यादा यहां मुनाफे का धंधा बना हुआ है। गंदे स्थानों से बोतले बीन कर उसमें पानी भर कर महगे दामों में बेचा जा रहा है। बोतलों की सील तक चेक करने वाला कोई नहीं। प्यासा मरता मुसाफिर मजबूरन उन्ही बोतलों को खरीद रहा है।




### पानी की समुचित व्यवस्था नहीं

अव्यवस्थाओं के मामले में संभाग का उमरिया स्टेशन सबसे आगे है। यहां शीतल पेयजल के सारे नल बंद रहते हैं। जो सामान्य नल चलते हैं वे दोपहर के समय किसी उपयोग के नहीं रहते हैं। वर्षा के इस मौसम में भी उनका पानी दोपहर के समय काफी गर्म रहता है। जो कि पीने योग्य नहीं रहता है। हर स्टेशन में रेलवे ने मुसाफिर के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की है लेकिन यहां के शीतल पेयजल देने वाले नल एक असें से बंद पड़े हैं। रेल अधिकारियों को इसकी कोई परवाह नहीं है। उन्हे तो शायद जानकारी भी नहीं रहती है। कुछ लोगों ने आरोप भी लगाया कि कंटीन का धंधा चलवाने के लिए जानबूझ कर नल बिगाड़ दिए जाते हैं।

### कंटीनों में अंधेर मची है

उमरिया समेत कई स्टेशनों में संचालित कंटीनों का हाल यह है कि यहां पानी का सबसे अधिक अवैध व्यापार किया जा रहा है। इधर उधर से खाली बोतलें बीन कर उसमें सादा पानी भर कर फिर उसे ही बेच दिया जाता है। नियमतः विक्री की जाने वाली पानी की हर बोतल सील बंद होनी चाहिए और उसमें स्वच्छ पानी होना चाहिए। चील्ड वाटर के नाम से बिकने वाली बोतल के दाम निर्धारित दरों से काफी अधिक वसूले जा रहे हैं। कंटीन में शीतल पेय, फ्रूटी, माजा, आदि के दाम 5 रुपए 10 रुपए अधिक बढ़ाकर बेचे जा रहे हैं। उसमें भी उनके क्वालिटी की कोई गारंटी नहीं उसके भीतर का माल सड़ा भी हो सकता है।

### न दबिश पड़ती न पूछताछ होती

संभाग के किसी स्टेशन की कंटीन में रखे सामानों का औचक निरीक्षण नहीं किया जाता है। अगर समय समय पर दविश पड़े और सामानों की जांच पड़ताल हो तो कंटीनों में रखे आधे सामान घटिया और एक्सपायरी पाए जाएंगे। इसके लिए कंटीन संचालक को कड़ा दण्ड भी दिया जा सकता है। समय समय पर कंटीनों की जांच पड़ताल किए जाने का नियम है लेकिन सब कोरम पूरा कर लिया जाता है। स्टेशन के अधिकारी व पुलिस कर्मचारी सब मिलीभगत से अपनी जेबें भर रहे हैं। किसी को मुसाफिर के जीवन और उसके स्वास्थ्य से लेना देना नहीं है। इस तरह मुसाफिरों का जमकर शोषण हो रहा है।



# यात्री बस अनियंत्रित होकर घाटी में पलटी, 25 यात्री घायल

**शहडोल।** बरहों कर वापस लौट रही यात्री बस रास्ता भटक कर देवरी पहुंच गई , जहां अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गई, इस हादसे में 30 से अधिक यात्री घायल हो गए , मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची ब्यौहारी पुलिस घायलों को उपचार के लिए ब्यौहारी अस्पताल में ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान घायलों को रिलीज कर दिया गया है। यह घटना जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के देवरी घाटी की बताई जा रही है। सतना जिले के रामपुर से कर्रा बुढ़वा गांव में बरहो कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रही बस क्रमांक एमपी 19 सीबी 9292 रास्ता भटक के जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के देवरी घाटी में बस अनियंत्रित होकर पलट गई, इस बस हादसे में 30 से अधिक यात्री घायल हो गई, जिसमे 3 का हालत ज्यादा नाजुक बताई जा रही, मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची ब्यौहारी पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए ब्यौहारी अस्पताल में ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ यात्रियों को छोड़ दिया गया, पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया है।

# दो दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का किया गया शुभारम्भ

## *अल्पविराम शांत समय में अंतरात्मा की आवाज सुनने का अभ्यासः संयुक्त कलेक्टर*



शहडोल

कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आनंद विभाग भोपाल के सहयोग से दो दिवसीय 'अल्पविराम' कार्यक्रम का शुभारम्भ संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग एवं जिले के प्रशिक्षु पटवारी की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने कहा कि 'अल्पविराम' आनंद संस्थान द्वारा संचालित एक ऐसी गतिविधि है जिसके माध्यम से शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य नागरिकों के जीवन में सकारात्मक सोच का विकास किया जा सकता है। सकारात्मक सोच का लोक सेवाओं से प्रभावी प्रबंधन तथा प्रदाय से सीधा संबंध है। साथ ही यह भी आवश्यक है कि प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों का दृष्टिकोण जीवन की मौलिक समझ की परिपूर्णता पर आधारित हो। उन्होनें कहा कि अल्पविराम शांत समय में अंतरात्मा की आवाज को सुनने का एक अभ्यास है, जो सकारात्मक सोच विकसित करने की प्रक्रिया को दृढ़ बनता है यह एक प्रकार का अल्पविराम है जिसके माध्यम से हम स्वयं अपने जीवन में दिशा और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं शासकीय सेवक यदि स्वयं आनंदित होगा तो वह दूसरों को भी आनंदित रहने का मार्ग प्रशस्त कर सकेगा।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा आनंद विभाग का परिचय, योग का महत्व, आयुष विभाग द्वारा जीवन शैली पर चर्चा, फ्रीडम आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा जीवन को आनंदित करने संबंधित अनेक तत्वों पर प्रकाश डाला गया।

# कमिश्नर, कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस.जामोद, कलेक्टर तरूण भटनागर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत शक्ति सिंह एवं ग्राम पंचायत के सरपंच श्यामलाल बैगा द्वारा ग्राम चटहा के तालाब के तट पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर ने ग्रामीणों से कहा कि वह भी पर्यावरण को बचाने और गांव के स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पौधरोपण करें और पौधों की सुरक्षा भी करें।

# मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन जिला कार्यकारिणी का हुआ पुनर्गठन

**शहडोल।** साहित्य के क्षेत्र में अग्रणी संस्था मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई का पुनर्गठन हुआ । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में 3 जुलाई को कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ.रमाशंकर गौतम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ बघेली रचनाकार एवं साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त रामसखा नामदेव, डाइट प्राचार्य डॉ.रमाशंकर गौतम, परमानंद तिवारी उपस्थित रहे। आयोजन में नवीन जिला इकाई पुनर्गठित कर घोषित की गई । घोषित कार्यकारिणी में पूर्व अध्यक्ष डॉ.परमानंद तिवारी पर्यवेक्षक रहे। संरक्षक मंडल में पीके सिंह, रामसखा नामदेव, अरुण नामदेव, नलिनी तिवारी के नाम शामिल हैं ।



नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर किरण सिंह शिल्पी, उपाध्यक्ष डॉ रमाशंकर गौतम, डॉ. दुर्गाशंकर श्रीवास्तव , विजय उपाध्याय एवं छाया गुप्ता, सचिव डॉ दिलीप तिवारी, सहसचिव एवं मीडिया प्रभारी शिरीष नंदन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रेणु श्रीवास्तव, जनसंपर्क प्रचार सचिव इश्ताक शहडोली एवम नत्थूलाल गुप्ता, राजिंदर सिंह राज, गंगाधर ढोके, डॉ. शिव सेन जैन संघर्ष, जनक कुमारी सिंह, शशि नामदेव , चिंतामणि पाठक, बृजमोहन सराफ बशर, डॉ रामाधार मिश्रा, संगीता शुक्ला, रमाकांत निगम, शाद अहमद शाद, अभिषेक श्रीवास्तव शिवा, अंजू सिंह, शिल्पी शहडोली, नवनीत शर्मा शामिल रहे ।

सदस्यों में अमरेंद्र सिंह, शिवनारायण, रजनीश कुमार सोनी, अनिल शुक्ल प्रभात मधुर, अंजलि शर्मा के नाम शामिल हैं । कार्यकारिणी घोषणा के पश्चात उपस्थित साहित्यकारों एवं कवियों के बीच एक गोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसमें वर्तमान साहित्य एवं विषयों पर आधारित काव्य की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया, साथ ही आगामी कार्यकाल में होने वाले कार्यक्रमों एवं आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई ।

# 12 वर्षों में आरक्षक से उपनिरीक्षक बने बागरी

**शहडोल।** कोतवाली शहडोल में एएसआई के पद पर कार्यरत राकेश सिंह बागरी को गृह विभाग मध्य प्रदेश के द्वारा पदोन्नत कर एसआई पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, गौरतलब है कि श्री बागरी के साथ लगभग दो दर्जन से अधिक सहायक उप निरीक्षक पद के अधिकारियों को पदोन्नति कर उपनिरीक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई है, शहडोल पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक और कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राकेश सिंह बागरी को उसकी शुभकामनाएं दी, शासन द्वारा सहायक उप निरीक्षकों को चिन्हित करने वाले दो स्टार उनके कंधे पर लगाए, 15 मई 2002 में मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से आरक्षक पद पर चयन होने के बाद राकेश सिंह बागरी ने लगभग 8 सालों तक छतरपुर जिले में ही अपनी सेवाएं दी, छतरपुर जिले के थाना नेहरा (बंसिया) तथा ओरछा रोड थाना यातायात में आरक्षक के पद पर अपनी सेवाएं देने के बाद 11 मई 2011 को शहडोल में स्थानांतरण हो जाने के उपरांत उन्हें आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर विभाग द्वारा पदोन्नति किया गया था, शहडोल में ही कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके राकेश सिंह बागरी को जिले के सीधी थाना में पदस्थापना के दौरान 3 मार्च 2015 को प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली थी और सीधी से उन्हें सोहागपुर थाने और कोतवाली थाने में क्रमशः तैनात किया गया, पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा जारी आदेश के बाद उन्हें एक बार फिर पदोन्नति मिली है उनकी पदोन्नति पर विभागीय अधिकारियों और सहयोगियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह संपन्न

# महाविद्यालयीन परिवेश से नवप्रवेशित छात्राएं हुई परिचित

**शहडोल।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या महाविद्यालय में नवीन शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को दीक्षारंभ समारोह के रूप में 01 जुलाई से 3 जुलाई तक आयोजित किया गया। इस समारोह का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए परिवेश में सहज महसूस करने, उनमें संस्थान की विशिष्ट प्रकृति तथा संस्कृति को सीखने, अन्य छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संबंध बनाने एवं व्यापक उद्देश्य तथा स्वयं की खोज की भावना से परिचित कराना है। दीक्षारंभ समारोह के प्रथम दिन 1 जुलाई को महाविद्यालय प्राचार्य एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा पुष्प वर्षा एवं तिलक लगाकर महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.मुकेश तिवारी ने महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए छात्राओं को नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ.एस.पी.सिंह ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्र जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक अभिविन्यास नामक द्वितीय सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर एम. एस. हक ने एवं डॉ.रविश ताजिर ने महाविद्यालय के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरांत सभी छात्राओं को महाविद्यालय के सभी विभागों तथा परिसर का भ्रमण कराया गया द्य समारोह के दूसरे दिन आयोजित सत्र में डॉ.सुनीता सिंह मरकाम द्वारा छात्राओं को छात्रावृत्ति तथा हितग्राही मुलक योजनाओं,



आर.एस.पासी द्वारा कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट योजना, डॉ.विनोद कुमार सुनार द्वारा विभागों एवं पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही खेल मैदान, प्रयोगशालाओं एवं लाइब्रेरी का परिभ्रमण कराया गया। अभिप्रेरण कार्यक्रम के तीसरे दिन आयोजित सत्र में डॉ.मोनिका मन्हास द्वारा महाविद्यालय की सामूहिक गतिविधियों, इको क़लब, पर्यटन क़लब की जानकारी प्रदान की गई। डॉ सी.एम.पी मिश्रा द्वारा अपने वक्तव्य में सूचना का अधिकार अधिनियम, बौद्धिक संपदा अधिकार एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम पर छात्रों को जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के समापन पर दीक्षारम्भ समारोह में लगातार तीन दिन तक सहभागिता करने वाली नवप्रवेशित छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्राओ के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक,सहायक प्राध्यापक,अतिथि विद्वान,जनभागीदारी अतिथि विद्वान उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ रविश ताजिर द्वारा किया गया।

# भारतीय ज्ञान परंपरा में रसायन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आज से प्रारंभ

**शहडोल ।** पंडित एस.एन.शुक्ला विश्वविद्यालय अपने कुलगुरु प्रोफेसर रामशंकर के नेतृत्व में पांच एवं 6 जुलाई 2024 को भारतीय ज्ञान परंपरा _विविध संदर्भ के परिप्रेक्ष्य में रसायन शास्त्रविषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करने जा रहा है। प्रदेश शासन उच्चशिक्षा विभाग द्वारा पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय का चयन विज्ञान संकाय के प्रमुख विषय रसायन शास्त्र के पाठ्यक्रम की समीक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा में इस विषय से संदर्भित विशाल ज्ञान का समावेश और उस आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कर इसे परिमार्जित करने के लिए किया गया है। विश्वविद्यालय इस महत्वपूर्ण एवं उत्कृष्ट पहल को मूर्त रूप देने में उत्साहपूर्वक तत्परता से लगा हुआ है। उच्चशिक्षा मध्य प्रदेश शासन की मंशानुरूप विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसके समन्वयक डॉक्टर प्रमोद पांडे एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर एमके भटनागर को बनाया गया है, भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राजकुमार आचार्य, भारतीय परंपरा के विशेषज्ञ/बीज वकता के रूप में प्रोफेसर रमेश चंद्र भारद्वाज कुलगुरु महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल हरियाणा विषय विशेषज्ञ बीज वकता प्रोफेसर अर्पण भारद्वाज प्राचार्य शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय उज्जैन सम्मिलित होंगे कार्यशाला की अध्यक्षता प्रोफेसर रामशंकर एवं कार्यशाला का संचालन नोडल अधिकारी प्रोफेसर एमके भटनागर द्वारा किया जाएगा ।कार्यशाला प्रोफेसर प्रमोद पांडे के संयोजकत्व एवं कुलसचिव प्रोफेसर आशीष तिवारी के संयोजन में संपन्न होगी। राज्य एवं राज्य के बाहर के विशेषज्ञ, अध्ययन मंडल के अध्यक्ष, सदस्य गण, फैसिलिटेटर, मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के लेखक गण, ई कंटेंट क्रिएटर, प्राध्यापक शिक्षक ,शोध अध्येता इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में सम्मिलित होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन और भारतीय ज्ञान प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में रसायन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास और परिवर्तन पर महत्वपूर्ण विमर्श कार्यशाला में किया जावेगा।कार्यशाला में प्रथम दिन बीज वक्तव्य के अलावा शोध पत्र वाचन एवं विमर्श होगा एवं दूसरे दिन नवीन शिक्षा नीति में रसायन शास्त्र विषय के विभिन्न प्रश्न पत्रों के पाठ्यक्रमों पर बृहद चर्चा होगी और निष्कर्ष को संकलित किया जाकर सुझाव उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित किया जाएगा।

**कार्यालय नगर परिषद ब्योहॉरी, जिला-शहडोल (म.प्र.)**
Ph.-07650-262239 Email-cmobyohari@mpurban.gov.in
क्र./769/न.परि./स्था. / 2024 ब्यौहारी, दिनांक- 03/07/24

**संशोधित विज्ञप्ति**

म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक-4316/863014/2020 / 18-1 भोपाल दिनांक-23.09.2022 से दिये गये निर्देशानुसार राज्य शासन द्वारा दिनांक 01.06.2021 को नगर पालिका संविदा (अनुबंध तथा सेवा शर्तें) नियम 2021 में अधिसूचित किये गये पदों मे से नगर परिषद् ब्यौहारी मे 01 वर्ष के लिये पूर्णतः अस्थाई तौर पर पदों की पूर्ति हेतु निकाय के पत्र कमांक- 1800 दिनांक - 20.03.2023 एवं पत्र क्रमांक-63 दिनांक- 19.04.2023 के द्वारा विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिसमें प्राप्त आवेदन अनुसार पात्र / अपात्र सूची प्रकाशन हेतु तैयार की गई है। जो निम्नानुसार है। 01- जूनियर इंजीनियर के प्राप्त आवेदन - 44 02- एकाउन्ट एक्सपर्ट के प्राप्त आवेदन- 11 03- कार्यालय सहायक के प्राप्त आवेदन - 72 04- स्वच्छता सहायक के प्राप्त आवेदन - 57 05- कम्प्यूटर आपरेटर के प्राप्त आवेदन-53 हुए है, उपरोक्त पात्र/अपात्र सूची में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दिनांक-05.08.2024 तक नगर परिषद् कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवक-जावक शाखा में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति में कोई विचार नही किया जावेगा।

संलग्न :-
01. जूनियर इंजीनियर के प्राप्त आवेदन -44
02. एकाउन्ट एक्सपर्ट के प्राप्त आवेदन - 11
03. कार्यालय सहायक के प्राप्त आवेदन-72
04. स्वच्छता सहायक के प्राप्त आवेदन-57
05. कम्प्यूटर आपरेटर के प्राप्त आवेदन-53

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद ब्योहॉरी, जिला-शहडोल (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### सिलौडी नाका में 60 पौध किए गए रोपित



**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के आव्हान पर प्रारंभ अभियान एक पेड़ माँ के नाम को सफल बनाने के निर्देश दिए है। वनमंडला अधिकारी कुलदीप त्रिपाठी ने बताया कि एक पेड मां के नाम के तहत आर एफ 670 मे नव निर्मित वन रक्षक नाका सिलौडी में 60 पौधो का रोपण किया गया जिसमें सागौन के 20 पौध, करौंदा के 10 पौध, मुनगा के 15 पौध, आम के 2 पौध तथा अमरूद के 13 पौध शामिल है । पौधरोपण के पश्चात उनकी सुरक्षा का भी संकल्पा लिया गया।

### विद्यालय में नवीन आपराधिक अधिनियम की दी गई जानकारी



**उमरिया।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एवं प्रतिमा पटेल पुलिस अधीक्षक,पीटीएस उमरिया के मार्गदर्शन में संस्था द्वारा नवीन आपराधिक अधिनियम 2023 का प्रचार प्रसार किया जा रहा है, जिसमे पीटीएस उमरिया द्वारा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकेली जिला उमरिया में सेमिनार आयोजित किया जा कर छात्रों को नवीन आपराधिक अधिनियम 2023 से संबंधित जानकारी दी गई एवं उनके सवालों का जवाब भी दिया गया । नवीन आपराधिक अधिनियम 2023 से सम्बन्धित पोस्टर भी वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के एडीपीओ जितेंद्र अग्निहोत्री,प्रभारी रक्षित निरीक्षक रवि संकर कोकड़े, निरीक्षक बी के प्रजापति, पुन्ना लाल कुशराम, करण सिंह मरावी, ज्योति शुक्ला, मीना आरमो एवं संतोष धुर्वे उपस्थित रहे।

### युवाओं ने लोगों को बांटे कपड़े के थैले



**उमरिया।** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों को इक_ा कर कपड़े का थैला वितरण किया एवं पॉलीथिन व प्लास्टिक का दुष्परिणाम बताया व उपस्थित लोगों को प्लास्टिक के थैले व पॉलीथिन उपयोग न करने के लिए शपथ भी दिलाई गई।टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने कहा कि हर साल 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। इस दिन का खास उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण और प्राकृतिक पर्यावरण पर इसके हानिकारक प्रभाव को रोकना है। क्योंकि प्लास्टिक पर्यावरण को ज्यादा नुकसान पहुंचाती है और 1 प्लास्टिक बैग को नष्ट होने में 100 से 500 साल का वक्त लगता हैं।पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने व प्रदूषण से बचाने के लिए प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने की समझाइश भी दी।प्लास्टिक का उपयोग बंद कर सभी को कपड़े की बनी थैलियों का उपयोग करना चाहिए, जिससे पर्यावरण की सुरक्षित रहेगा व स्वास्थ्य की रक्षा भी होती रहेगी।इसके साथ ही सभी सदस्यों ने पूरे वर्ष कपड़े से बने बैग का उपयोग करने व अन्य लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक वायु व पर्यावरण के लिए घातक है। इसके प्रयोग को रोकने के लिए जागरूक होने के साथ ही प्लास्टिक का उपयोग न करें। आत्मनिर्भरता के साथ घर से ही सामान लेने कपड़े की थैली, कागज की थैली, बेग लेकर निकलें। स्वयं की पहल अन्य भी अपनाएं, यह हमारा प्रयास हो। युवाओं ने आमजनों को प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने की शपथ दिलाई।इस दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,काजल मालवी,शिखा बर्मन,नैनी मालवी एवं सभी उपस्थित रहे।

# ग्राम चटहा में आयोजित हुई किसान संगोष्ठी किसानों को वितरित किए गए मिनी किट्स

## कम खेती में अधिक पैदावार लेने की तकनीक सीखें कृषकः कमिश्नर वैज्ञानिकः कलेक्टर





**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने कहा है कि कम खेती में अधिक पैदावार लेने के लिए किसानों को कृषि की नई तकनीक सीखना होगा। कमिश्नर ने कहा है कि किसान उन्नत बीजों का उपयोग कर, खेती में कृषि यंत्रो का उपयोग कर उर्वरकों का संतुलित उपयोग कर खेती से अच्छी पैदावार ले सकते हैं। उन्होनें कहा है कि संभाग के किसान रासायनिक खादों का कम उपयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को रासायनिक खादों का उपयोग भी संतुलित तरीके से करना चाहिए वहीं जैविक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए। कमिश्नर ने किसानों को समझाइश देते हुए कहा कि किसान पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गीपालन कर अतिरिक्त आय अर्जित करने के प्रसास भी करें। कमिश्नर शहडोल जिले के सोहागपुर तहसील के ग्राम चटहा में आयोजित कृषक प्रशिक्षण एवं खरीफ फसलों के बीज वितरण एवं किसान संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### मानसिकता में बदलाव लाना होगा

कमिश्नर ने कहा कि कृषि की लागत को कम करने के लिए किसान आधुनिक कृषि यंत्रो का उपयोग करें सही समय पर फसलों की बुआई करें तथा दवाईयों का छिडक़ाव भी समय पर करें। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए तथा कृषि के अलावा अन्य अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिए अपनी मानसिकता में बदलाव लाना होगा। खेती के अलावा किसानों को उद्यानिक फसलों की ओर भी ध्यान देना होगा।

### फसलों की बुआई समय पर करें

किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा कि जिले में पिछले वर्ष से इस वर्ष अच्छी बारिश हो रही है और फसलों की बुआई का का लक्ष्य भी ज्यादा है। उन्होंने किसानों को समझाईश देते हुए कहा कि किसान फसलों की बुआई समय पर करें। उन्होनें कहा कि जिले में धान की खेती ज्यादा होती है। कलेक्टर ने किसानो को समझाईश देते हुए कहा कि धान की फसल को पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जहां पानी कम है, ऐसे खेतों में धान की बुआई नहीं करते हुए किसान मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी भी लगा सकते हैं।

### मछली पालन की विपुल संभावनाएं

कलेक्टर ने कहा कि जिले में जैविक खाद के उपयोग पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने कहा कि जिला में जल गंगा संवर्धन में लगभग 2 हजार से ज्यादा जल संरचनाओं का निर्माण किया गया है, इन जन संरचनाओं का उपयोग किसान मछली पालन के लिए करें। उन्होंने कहा कि जिले में मछली पालन की विपुल संभावनाएं हैं, किसान मत्स्यपालन कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकता है। कलेक्टर ने किसानो को समझाईश देते हुए बताया कि जिले मे कटक से सीआर 310 धान के बीज मंगाए गए हैं। किसान धान की इस किस्म का भी उपयोग कर सकते हैं। कलेक्टर ने अरहर की पूषा-16 किस्म की जानकारी किसानो को देते हुए बताया कि शहडोल जिले के किसानों के लिए यह बीज फायदेमंद साबित होगा, पूषा-16 अरहर की बीज कम समय में पकने वाली बीज है। इसे लगाकर किसान अरहर की अच्छी फसल ले सकते हैं।

### गोबर खाद का भी करें उपयोग

किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य श्री महीलाल कोल ने कहा कि किसान खेती में पैदावार बढाने के लिए मिट्टी का परीक्षण भी कराएं और संतुलित खाद का भी उपयोग करें। किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संयुक्त संचालक कृषि जे.एस.पेन्द्राम ने कहा कि किसान खेती के साथ साथ पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन भी करें इससे उनकी आय में वृद्धि होगीं। उन्होंने कहा कि निरंतर सोयाबीन की फसल लेने से जमीन की उर्वरकता में कमी आती है। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि वह मक्के और ज्वार की खेती कर खेती की उर्वरकता बढा सकते हैं। श्री पेन्द्राम ने कहा कि किसान गोबर खाद का भी उपयोग करें तथा समन्वित खेती करने का प्रयास करें।

### निःशुल्क पौधे मुहैया कराए

किसान संगोष्ठी में सहायक संचालक मत्स्य राजेश श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप प्रजापति, उपयंत्री कृषि अभियांत्रिकी श्री रितेश पयासी एवं सहायक संचालक उद्यानिकी ने किसानों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष श्री शक्ति सिंह, जनपद सदस्य विक्रम सिंह एसडीएम अरविंद शाह, उप संचालक कृषि आर.पी. झारिया, तहसीलदार श्रीमती दिव्या सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती ममता मिश्रा एवं किसान उपस्थित रहे। किसान संगोष्टी में कमिश्नर एवं कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों को खरीफ सीजन में बोने वाली फसलों के बीजों के मिनी किट्स भी निःशुल्क प्रदाय किए गए। इस अवसर पर किसानों को पौधरोपण के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा निःशुल्क ऑवले के पौधे भी मुहैया कराए गए।

## स्कूल व आंगनबाडी भवनों को व्यवस्थित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के विभिन्न विद्यालयों व आंगनबाड़ी भवनों के निरीक्षण के दौरान यह बात संज्ञान में लाई गई है कि विभिन्न स्कूल व आंगनबाडी भवन जर्जर अवस्था में होने के बावजूद भी उसमें बच्चों का अध्यापन कार्य किया जा रहा है। जिससे अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र, जिला शिक्षा अधिकारी , सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से कहा है कि वर्षा काल को ध्यान में रखते हुए समस्त विद्यालयों व आंगनबाडी भवनों का समुचित निरीक्षण का समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त कर ली जावें एवं जो भवन जर्जर अवस्था में हैं उसमें बच्चों का अध्यापन कार्य न किया जावे। बच्चों को सुरक्षित स्थल में शिफ्ट किया जावे। जो भवन जर्जर हो चुके है उनके डिस्मेंटल की कार्यवाही की जावे। यदि कोई अप्रिय स्थिति निर्मित हुई तो आप की जिम्मेदारी निर्धारित की जावेगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग ने बच्चों की ली क्लास

**उमरिया।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासो के तहत सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग ने अखिलेश पांडे ने पाली जनपद पंचायत के दूरस्थ अंचल स्थित दर्जन भर विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें शासकीय माध्यमिक विद्यालय खोलखम्हरा में निरीक्षण के दौरान हेड मास्टर कृष्ण गोपाल तिवारी विद्यालय से नदारत पाए गए । सहायक आयुक्त ने इस मामले में हेड मास्टर की घोर लापरवाही मानते हुए उनके निलंबन का प्रस्ताव जेडी कार्यालय को भेजा है। सहायक आयुक्त ने ,माध्यमिक शाला भद्रा, प्राथमिक शाला भीमाडोंगरी, माध्यमिक शाला खरिया खुर्द, माध्यमिक शाला डिडवारिया, हायर सेकेंडरी जमुडी,माध्यमिक शाला नरवार, हाई स्कूल मेढकी, माध्यमिक स्कूल मेढकी का निरीक्षण किया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया की निरीक्षण के दौरान खोलखम्हरा के अलावा सभी विद्यालयों में शिक्षको की उपस्थित पूरी पाई गई, लेकिन विद्यालयों छात्रों की मौजूदगी अपेक्षा अनुरूप नहीं है, जिसके लिए सभी जिम्मेदार शाला प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अखिलेश पांडे ने पाली जनपद पंचायत के स्कूलों के निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए हैं साथ ही विद्यालयों में पाई गई,



कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं, कई विद्यालयों में सहायक आयुक्त ने स्कूलों छात्रों के बीच बैठकर पढ़ाई व्यवस्था का जायजा लिया है।

# चिकित्सकों ने मनाया डॉक्टर्स डे



**कोतमा।** हर वर्ष चिकित्सकों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है ऐसे में सामाजिक लोगों के द्वारा चिकित्सकों का सम्मान किया जाना समाज के लिए और समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। डॉक्टर्स डे पर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ आयूष चिकित्सक डॉ संगीता प्रजापति को नगर की समाजसेवी संस्था वी क्लब निःस्वार्थ कोतमा के द्वारा सम्मानित किया गया। सभी ने डॉ संगीता प्रजापति को पौधा मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया। दरसअल, डआक्टर्स डे के साथ वन दिवस भी था. ऐसे में पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। चिकित्सक डॉ संगीता प्रजापति ने बताया कि डॉ विधान चंद्र रॉय की जयंती व पुण्यतिथि पर हर वर्ष चिकित्सकों के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। ऐसे में सामाजिक लोगों के द्वारा चिकित्सकों का सम्मान किया जाना समाज के लिए और समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। सम्मान देने पहुंचे वी क्लब नि स्वार्थ के सदस्यों ने बताया कि डॉ संगीता प्रजापति ने न सिर्फ चिकित्सा बल्कि समाजसेवा में भी अपने कार्यों को बखूबी निभाया है। कोरोना काल में लोगों की जीवन रक्षा के साथ ही उनके घरों में राशन पहुंचाने का भी प्रबंध इन्होंने किया। इसके साथ ही इन्होंने पिछले वर्ष पौधों के रोपण का संकल्प पूरा किया। समाज के कमजोर वर्ग के लिए यह लगातार अभियान चलाती हैं, जिसमें हर तरह से मदद दी जाती है. इसके अतिरिक्त नारी सशक्तिकरण, निःशुल्क चिकित्सा कैंप के नियमित आयोजन और निर्वाचन जागरूकता अभियान में शामिल होकर वह एक सकारात्मक संदेश देती हैं। सामाजिक संस्था के द्वारा भी समाज सेवा की गति को लगातार बढ़ाती हैं। मौके पर वी क्लब की अध्यक्ष रमा सोनी सुमन गुप्ता छाया बरसैंया ने डॉक्टर्स डे पर सम्मानित किया। वन दिवस के अवसर पर अस्पताल परिसर में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र परिसर में लगभग 50 फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया वृक्षारोपण




**कोतमा।** मध्य प्रदेश शासन की ओर से एक वृक्ष मां के नाम अभियान की शुरूआत की गई। जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डा. आरके वर्मा एवं स्टाफ के द्वारा सामूहिक रूप से स्वास्थ्य केंद्र परिसर पर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डा. आर के वर्मा ने बताया कि वृक्ष हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते हैं वैश्विक महामारी कोरोना के समय में हम सभी को हवा की कीमत पता चल गई क्योंकि पूरे विश्व में ऑक्सीजन की कमी के कारण लोग मर रहे थे तभी से लगा कि प्रकृति द्वारा निःशुल्क प्रदान की गई ऑक्सीजन की हम कीमत नहीं समझ पा रहे थे जिसे प्रकृति ने महामारी के रूप में हमें प्रकृति की एवं पेड़ पौधों की कीमत बतलाई हम सबको कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, क्योंकि जिस तरह मां हमें निःस्वार्थ भाव से जन्म देकर पालन पोषण करती है ठीक उसी तरह प्रकृति भी हमें निस्वार्थ भाव से पालन पोषण करता है इसलिए हम सबको मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी डॉक्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सर्प के काटने से 40 वर्षीय महिला की मौत

**कोतमा।** बारिश का सीजन प्रारंभ होने के साथ ही सर्पदंश की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। गुरूवार की दरमियानी रात को थाना अंतर्गत निगवानी गांव में रहने वाली 40 वर्षीय महिला अनीता गुप्ता पति स्व.अरविंद गुप्ता जो की रात में अपने घर में सो रही थ। किसी जहरीले सर्प द्वारा काट लिया गया। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजनों द्वारा रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती कराया गया जहां महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए धारा 194 जफ्ता फौजदारी कायम कर जांच में लिया है।

### 33 वर्षीय राजू केवट की अचानक हुई मौत

**कोतमा।** नगर के केशवाही तिराहा स्थित एक होटल में काम करने वाले 33 वर्षीय कर्मचारी राजू केवट पिता संतोष केवट निवासी जैतवारा जिला सतना हाल मुकाम बस्ती के अचानक घर में मौत होने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि मृतक राजू केवट होटल में काम करके अपने घर आया था और खाना पीना खाकर सो गया सुबह नहीं उठा जिस पर परिजनों द्वारा आस पड़ोस के लोगों को बुलाकर जानकारी दी एवं मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच में लिया है।



## एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत पसान के जनप्रतिनिधियों ने किया पौधरोपण

**जमुना।** कोतमा नगर पालिका परिषद पसान क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में एमआरएफ सेंटर के पास भारतीय जनता पार्टी मंडल पसान के द्वारा एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष व जिले के भाजपा उपाध्यक्ष राम अवध सिंह, भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष अजय द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री धीरेंद्र सिंह मिंटू, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद पसान अजय यादव, मंडल मंत्री अजय यादव, विकास जायसवाल, सुलभ सिंह, रूपेश सिंह सहित पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मंडल पसान के उपस्थित रहे। इनके द्वारा कई फलदार पौधा रोपण एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया।

# महाराजा मार्तंड महाविद्यालय में दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन सम्पन्न



**कोतमा।** शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा में 1 से 3 जुलाई तक चलने वाले तीन दिवसीय दीक्षारम्भ समारोह का आयोजन सम्पन्न किया गया। महाविद्यालय के सभागार में आयोतिज दीक्षारम्भ समारोह का उद्घटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हनुमान गर्ग, जनभागीदारी सदस्य जितेन्द्र भट्ट, नरेन्द्र गुप्ता एवं प्राचार्य संरक्षक डॉ विनय कुमार सोनवानी की उपस्थिति में मां सरस्वती के वंदना एवं माल्यार्पण के साथ प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा सभी नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत उद्बोधन दिया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने उपस्थित नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष द्वारा सभी नवप्रवेशित छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हे सदैव अपने लक्ष्य के प्रति प्रेरित रहने एवं देशहित हेतु कौशल विकास कर रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक प्रो राकेश कुमार पवार एवं मोहम्मद मोबीन द्वारा उपस्थित नवप्रवेशित विद्यार्थियों को सत्र 2020 के अनुसार शैक्षणिक संरचना के अन्तर्गत पाठ्यक्रम संरचना यथा- विषय वस्तु मेजर, माईनर, वैकल्पिक, व्यावसायिक, फील्ड प्रोजेक्ट, क्रैडिट सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई। प्रथम दिवस के अंतिम चरण में वरिष्ठ छात्रों के साथ नवप्रवेशित विद्यार्थियों का इन्टरैक्शन सेशन तथा आइस ब्रकिंग सत्र का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्राचार्य की अनुमति से प्रथम दिवस की गतिविधियो का समापन किया गया। द्वितीय दिवस वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक प्रो राकेश कुमार पवांर एवं रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक प्रो. मोबीन द्वारा शैक्षणिक विनियम और दिशा निर्देश, विभागों बौर पाठ्यक्रमों का परिचय, प्रयोगशाला व भ्रमण, पाठ्येत्तर गतिविधियों का परिचय और प्रश्नोत्तरी गतितिविधियों का आयोजन किया गया। तृतीय दिवस इतिहास के सहायक प्राध्यापक प्रो राजेश वरकड़े द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, तथा वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक प्रो राकेश कुमार पवांर साइबर और बौद्धिक अधिकार संपदा, पर संबोधन दिया गया। रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक प्रो. मोबीन द्वारा पूर्व छात्रो से परिचय, अनुसंधान अवसरों का परिचय, सामूहिक गतिविधियां व खेल आयोजित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का उल्लेखनीय सहयोग एवं विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## सूचना

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, ग्राम – खमरिया खुर्द, कुशमाहा खुर्द, साहपुर, तहसील- पाली, जिला- उमरिया एवं ग्राम- खमरिया कला, कठौतिया, तहसील- सोहागपुर, जिला- शहडोल (म.प्र.) में प्रस्तावित साहपुर पश्चिम भूमिगत कोल खदान (खनन क्षमता: 0.6 MTPA, क्षेत्र: 619 हे.) के स्थापना/संचालन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति (Environmental Clearance), भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पत्र क्रमांक J-11015/280/2010-IA-II (M) दिनांक 16.02.2024 को प्राप्त हो गई है, उक्त स्वीकृति पत्र की प्रति मध्यप्रदेश प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड, के क्षेत्रीय कार्यालय, जिला- शहडोल एवं उमरिया, (म.प्र.) में तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के वेबसाइट https://parivesh.nic.in पर उपलब्ध है।

**सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
ग्राम - खमरिया खुर्द, कुशमाहा खुर्द, साहपुर, तहसील- पाली,
जिला- उमरिया (म.प्र.)- 484661, ग्राम - खमरिया कला, कठौतिया,
तहसील- सोहागपुर, जिला- शहडोल (म.प्र.)- 484001

**खबर संक्षेप**

## दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम

**रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा शहरी गरीब परिवारों को स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम शुरू है। इस कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत ऋण 2 लाख रू. तक और समूह ऋण 10 लाख रू. तक प्रदान किए जाएंगे। ऋण पर 7 प्रतिशत से अधिक ब्याज दर की छूट है एवं स्व-सहायता समूहों को नियमित ऋण भुगतान पर 3 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान भी मिलेगा। योजना हेतु पात्रता शहरी गरीब परिवार, आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष होना चाहिए। योजना से लाभ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता, कौशल प्रशिक्षण और मार्गदर्शन एवं बाजार संपर्क और विपणन सहायता प्राप्त होंगे। पात्र आवेदक, आवेदन पत्र नगर पालिक निगम रीवा के कक्ष क्र. 28, 29 से प्राप्त कर आवेदन कर सकते है। यह कार्यक्रम शहरी गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## हनुमना में आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम का शुभारंभ

**मऊगंज।** जिले में आकांक्षी कार्यक्रम का हनुमना विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव के मुख्य अतिथि में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के तहत जनपद हनुमना में आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के लक्षित संकेत को संतृप्त करने के लिए नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक संचालित किया जा रहा है। संपूर्णता अभियान के तहत राज्य शासन द्वारा विकास कार्यों के अनुसरण के लिए स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा और कृषि और सेवाएं सामाजिक और वित्तीय समावेशन, अधोसंरचना ग्रामीण एवं शहरी कौशल विकास और रोजगार क्षेत्र का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि कार्य योजना को मूर्त रूप देने के लिए 3 महीने का समय निर्धारित किया गया है लेकिन आप सभी एकजुट होकर कार्य में इस कदर लग जाए की जुलाई से ही सभी डाटा पूर्ण कर लिए जाएं। कलेक्टर ने कहा की सभी को करनी होगी मेहनत, हमारा उद्देश्य मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाना है और यह सब आपकी कार्य के प्रति लगन और मेहनत से ही संभव होगा। इस अवसर पर एसडीएम हनुमना राजेश मेहता सीईओ ए0बी0खरे सहित दिल्ली से आई टीम के अलावा राजस्व,जनपद, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

ममेरे भाई के प्रेम जाल में फंसकर किशोरी ने खाया जहर,

## पुलिस के माध्यम से भेजा गया अस्पताल गर्भवती नाबालिक की हालत गंभीर

**रीवा।** जिले के जवा थाना क्षेत्र की एक नाबालिक किशोरी अपने ही घर में दुष्कर्म का शिकार हो गई , ममेरे भाई ने पहले उसे अपने प्रेम जाल में फसाया और इसके बाद उसकी अस्मत लूट ली, इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब किशोरी अपने मामा के ही गांव में सड़क किनारे जहर खाकर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी स्थानीय पुलिस के द्वारा उसे संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है,पीड़ित किशोरी की मां ने बताया कि 16 वर्षीय किशोरी अपने मामा के यहां मुकुंदपुर आया जाया करती थी जहां ममेरे भाई के द्वारा उसके साथ अवैध संबंध बनाए गए गुरुवार को पीड़िता की मां को पुलिस के माध्यम से सूचना मिली कि उसकी बेटी की हालत गंभीर है और वह सड़क किनारे पड़ी मिली है मिली जानकारी के अनुसार प्रेमी के द्वारा रिश्ते से इनकार किए जाने के बाद किशोरी ने यह बड़ा कदम उठाया किशोरी को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। पूरे मामले की पुलिस गंभीरता से जॉच कर रही है।

### गत परीक्षा के कम प्रतिशत परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्य होंगे निलंबित

# चालू शैक्षणिक सत्र में हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम को 70 प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य लें: कलेक्टर

### बीईओ की वेतन वृद्धि रूकेगी कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में परीक्षा परिणामों की समीक्षा की



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में परीक्षा परिणामों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि चालू शैक्षणिक सत्र में जिले में हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 70 प्रतिशत से कम न हो इसलिए सभी प्राचार्य कार्य योजनानुसार अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय समय पर संचालित हों, शिक्षक नियमित कक्षाएँ लें तथा छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति हो। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिन विद्यालयों के परीक्षा परिणाम कम आये हैं वहां कक्षाओं का सही ढंग से संचालन हो। शिक्षक व्यक्तिशः विद्यार्थियों से संवाद व संपर्क करें तथा उसकी समस्या दूर करते हुए बेहतर परिणाम के लिये तत्पर रहें। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिये कि अतिथि शिक्षकों की नियमानुसार नियुक्ति करें तथा योग्य शिक्षक रखें इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कलेक्टर ने गत परीक्षा परिणाम की समीक्षा के दौरान जिले का हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल का रिजल्ट प्रदेश के औसत रिजल्ट से भी कम रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा 10 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले 6 विद्यालयों के प्राचार्यों को निलंबित करने तथा गंगेव, सिरमौर, त्योंथर एवं जवा के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने का प्रस्ताव कमिश्नर रीवा को प्रेषित किये जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये तथा कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों को पुर्ननियुक्ति न दी जाय। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट वाले विद्यालयों के प्राचार्यों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने अच्छे परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के अनुभव व कार्ययोजना को कम परिणाम वाले विद्यालयों से संवाद कराकर प्रेरित किये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजन के भी निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने वर्ष 2022-23 व 2023-24 की छात्रवृत्ति का शत प्रतिशत वितरण आगामी 30 दिनों में किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने इस हेतु स्कूल में आधार कैंप लगाने की भी बात कही तथा प्राचार्यों को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों को बैंक से संबंधित सभी डिटेल बतायें तथा केवायसी करायें ताकि संबंधित को छात्रवृत्ति अनिवार्यतः मिल सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने आगामी तीन दिन में शत प्रतिशत पाठपुस्तकें विद्यार्थियों को वितरित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने 15 जुलाई तक विद्यालयों में वृक्षारोपण किये जाने तथा पर्यटन क्विज में अधिक से अधिक छात्रों की भागादारी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया।

## टीआरएस कॉलेज कॉलेज के एमएसडब्ल्यू विभाग के जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों की विदाई



### विदाई के रंग: एमएसडब्ल्यू के छात्रों के लिए यादगार फेयरवेल पार्टी

रीवा। टी.आर.एस. कॉलेज कॉलेज के एमएसडब्ल्यू विभाग के जूनियर छात्रों द्वारा सीनियर छात्रों की विदाई के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। फेयरवेल पार्टी का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने मां सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। फेयरवेल पार्टी हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें नृत्य और गायन का विशेष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एम.एस.डब्ल्यू. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों का सम्मान किया और उज्जवल भविष्य की कामना कर विदाई दी। प्राचार्य डॉ. अर्पिता अवस्थी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भविष्य में कुछ नया करके आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रोत्साहित किया कि जीवन में अनुशासन व नियमितता होना जरूरी है। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश शुक्ल ने कहा कि महाविद्यालय छात्रों को अध्ययन के साथ-साथ जीवन जीने की कला सिखाता है। इन सभी विधाओं के साथ अपने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। महाविद्यालय की यादों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी मंजिल प्राप्त करना भी सुखद पल होते हैं, जो जीवन भर यादों के रूप में साथ रहते हैं।

मिस फेयरवेल रागिनी पाण्डेय तथा मिस्टर फेयरवेल अर्जुन मिश्रा

विभिन्न प्रतियोगिता में विशिष्ट स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। मिस फेयरवेल रागिनी पाण्डेय, मिस्टर फेयरवेल अर्जुन मिश्रा, बेस्ट स्माइल स्वपनिल द्विवेदी, बेस्ट कास्ट्यूम प्रियंका शुक्ला, वेस्ट परफारमेंस प्राची मिश्रा, बेस्ट सिंसयर्टी मेल सुभाष यादव, बेस्ट सिंसयर्टी फीमेल सची शुक्ला तथा लुक आफ द ईव रूचि सिंह को चयनित किया गया। छात्रों ने भी अपने कॉलेज के दिनों की यादें साझा कीं और प्राध्यापको का धन्यवाद किया। समारोह के अंत में सभी ने मिलकर स्वल्पाहार का आनंद लिया और समूह फोटो खिंचवाए। यह फेयरवेल पार्टी छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रही और उन्होंने अपनी नई यात्रा की शुरुआत के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम का संचालन के पल्लवी सिंह करचूली तथा अर्चिता द्विवेदी के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में डॉ. महेश शुक्ला, डॉ. अच्युत पांडे, डॉ संध्या शुक्ल, डॉ. संजय शंकर मिश्रा, डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. एस.पी. शुक्ला, डॉ प्रीति पांडे, डॉ. शाहिदा सिद्वीकी, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ. गुंजन सिंह, डॉ. प्रियंका तिवारी, डॉ मोहम्मद परवेज, डॉ. सुरेंद्र यादव, डॉ प्रियंका पांडे डॉ. निशा सिंह, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अमन पाण्डेय, सुरभि गुप्ता, सुरभि शर्मा, रूपाली, प्राची, साक्षी शुक्ला, आशीष, दिनेश प्रजापति, साहिब, जनक नंदिनी, हिमानी, शीतल, कोमल, शिखा, ऋषिका का योगदान सराहनीय रहा।


# विशेष शिविरों में चिन्हित सभी रोगियों के उपचार का फॉलोअप करें: कलेक्टर

### कलेक्टर ने स्वस्थ रीवा-समृद्ध रीवा अभियान की समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल की विशेष पहल पर जिले भर में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 50214 व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जाँच की गई। जिसमें 20650 पुरूष तथा 29564 महिलाएं शामिल थीं। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि स्वास्थ्य शिविरों में चिन्हित सभी रोगियों को समुचित उपचार की व्यवस्था करें साथ ही इसका लगातार फॉलोअप करें। शिविर में सीवियर एनीमिया, हृदय रोग, डायबिटीज तथा किडनी के रोगों से पीड़ितों की जाँच की गई थी। इनमें सीवियर एनीमिया से 479, माइ्रेट एनीमिया 2356, डायबिटीज से 1591, हाइपर कोलेस्ट्रीनिया से 2336, किडनी रोगों से 2492 तथा विटामिन डी की कमी से 17576 पीड़ित पाए गए। कलेक्टर ने कहा कि इन सभी रोगियों को शिविर के बाद जिला तथा विकासखण्ड स्तर पर उपचार की सुविधा दी गई थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इनका फॉलोअप लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विशेष शिविरों में 28085 व्यक्ति विभिन्न रोगों से पीड़ित तथा विटामिन डी एवं थायराइड की कमी वाले पाए गए थे। इन सबकी फॉलोअप रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी तरह वृहद कैंसर शिविर में रीवा जिले के 40 संभावित कैंसर रोगी पाए गए थे। इनमें से 23 स्तन कैंसर तथा 17 मुख कैंसर से पीड़ित थे। इनमें से 17 का भी विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। शेष रोगियों के संबंध में भी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। स्वास्थ्य शिविर से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए हैं। इन शिविरों के पुनः आयोजन की भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तैयारियाँ कर लें। बैठक में डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि वृहद जाँच शिविर में चिन्हित रोगियों को समुचित उपचार दिया जा रहा है। सीवियर एनीमिया से पीड़ित 479 में से 215 व्यक्ति उपचार के बाद सामान्य हो गए हैं। शेष को उपचार सहायता दी जा रही है। माइल्ड एनीमिया से 9494 व्यक्ति पीड़ित थे। जिन्हें आवश्यक दवाएं तथा पोषक आहार देने के बाद 4688 सामान्य हो गए हैं। इनमें से 3634 को दवाएं दी जा रही हैं। विटामिन डी की कमी के 17576 रोगियों में से आवश्यक उपचार के बाद 7869 सामान्य हो गए हैं। अभी 7578 को दवाएं दी जा रही हैं। इसी तरह अन्य रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को भी निरंतर उपचार सहायता देकर उनकी सतत निगरानी की जा रही है। कैंसर शिविर में चिन्हित 12 रोगी अब सामान्य हो गए हैं तथा 17 का विभिन्न अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है। बैठक में डॉ सुनील अग्निहोत्री ने स्वास्थ्य शिविर में जाँच तथा उपचार की विकासखण्डवार जानकारी दी। बैठक में डॉ नीरा मराठी, मेडिकल आफीसर डॉ अतुल तिवारी एवं सभी बीएमओ उपस्थित रहे।

## नैकहाई पार्क में निर्माण पूरा कर पौधे रोपित कराएं: कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्माणाधीन नैकहाई पार्क का आकस्मिक निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह पार्क रीवा के इतिहास से जुड़ा हुआ है। इसमें कई प्राचीन स्मारक हैं। पार्क की साफ-सफाई कराकर यहाँ पौधे रोपित कराएं। पार्क की बाउन्ड्रीवॉल, प्रवेश द्वार, वाहनों की पार्किंग आदि का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं। पार्किंग के लिए जाने वाली सड़क का सीमांकन कराकर उसमें सुधार कराएं। पार्क में जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। दोनों प्रवेश द्वारों पर आकर्षक गेट लगाएं। मौके पर उपस्थित कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि बाउन्ड्रीवाल और गेट का निर्माण पूरा हो गया है। शीघ्र ही लोहे के गेट लगा दिए जाएंगे। वृक्षारोपण की तैयारी कर ली गई है। जल निकासी की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है। निरीक्षण के समय सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा एवं हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग ने नियम विरुद्ध संचालित सात स्कूल बसों पर की चालानी कार्यवाही

**रीवा।** परिवहन विभाग के द्वारा जारी स्कूल बस चेकिंग अभियान में सात बसो पर चालानी कार्यवाही की गई। जिसमे इंडिगो स्कूल वनस्थली स्कूल डी पाल स्कूल और सत्य अक़ैडमी शामिल है वनस्थली की दो बसों को,जिन्हें इसके पहले जाँच के दौरान स्कूल परिषर में ही जाकर बस पर कमी पाये जाने के कारण जप्त किया गया था, उन बसों को गुरुवार को विद्यालय द्वारा सुधार करा लिया गया अतः उन बड़ी को रिलीज़ किया गया। वही सत्य अक़ैडमी की एक बस डी पाल की दो बसे इंडिगो स्कूल की दो बसो पर मोटरयान अधिनियम के अनुरूप कमी पाये जाने के कारण चालानी कार्यवाही की गई।इसके पहले भी लगातार परिवहन विभाग द्वारा कलेक्टर रीवा के आदेशानुसार स्कूल बसों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अब तक 35 स्कूल बसों पर चालानी कार्यवाही कर 26 स्कूल बसों को जप्त किया जा चुका है। चालानी कार्यवाही से अब तक बसों पर 34500 रुपयों का राजस्व अर्जित किया गया है। शासन की मंशानुशार बच्चों के सुरक्षित परिवहन के लिए परिवहन विभाग द्वारा हर दिन किसी न किसी स्कूल में जाकर बसों की चेकिंग की जा रही है और आगे भी जारी रहेगी।

# जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, इस विषय को गंभीरता से लिया जाये: कलेक्टर

### टीएल बैठक में अनुपस्थित पीएचई, स्वास्थ्य जैसे विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस



**मऊगंज।** कलेक्टर अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 3 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में टीएल बैठक आयोजित की गई। आयोजित टीएल बैठक में विभागीय अधिकारी अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित हुए वहीं पीएचई, स्वास्थ्य जैसे कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे। टीएल बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव ने बताया कि मऊगंज जिले का हनुमना विकासखंड को आकांक्षी विकासखंड के रूप में चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि आकांक्षी योजना में उन विकास खण्डों एवं जिलों को लिया गया है, जो विकास कार्य में पीछे हैं। सर्वेक्षण के अनुसार हनुमना विकासखंड में निर्धारित मापदंडों एवं संयुक्त सूचकांक को आधार मानते हुए समावेशी विकास हेतु विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। चयनित आकांक्षी विकासखंड के अपेक्षाकृत कमजोर स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा की स्थिति, रहवासियों की आर्थिक स्थिति तथा पर्याप्त आधारभूत संरचना को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के अंतर्गत संकेतकों पर आधारित क्षेत्रक सूचकांक एवं संयुक्त सूचकांक तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि आकाक्षी विकासखंड कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा सामाजिक आर्थिक विकास हेतु क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास लक्ष्य को प्राप्त करना है। राज्य शासन द्वारा विकासखंड के अनुश्रवण हेतु स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और सहयोगी सेवाएं सामाजिक और वित्तीय समावेशन अधोसंरचना ग्रामीण एवं शहरी कौशल विकास एवं रोजगार क्षेत्रकों का निर्धारण किया गया है। कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि युक्त आकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने के लिए 4 जुलाई को हनुमना में शुभारंभ कार्यक्रम रखा गया है जिसमें दिल्ली की टीम आएगी। योजना का शुभारंभ 4 जुलाई होगा और 6 माह तक चलेगा। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने आकांक्षी योजना के शुभारंभ अवसर पर हनुमना विकासखंड के सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। आयोजित टीएल बैठक दौरान कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 5 जुलाई को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की किस्त डाली जाएगी इसके साथ उज्जवला योजना अनुदान एवं लाडली बहना योजना की राशि डाली जाएगी। जिस विषय को लेकर मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार के साथ जिले के सभी विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम होंगे। कलेक्टर श्रीवास्तव ने बारिश को ध्यान में रखते हुए बैठक में उपस्थित जिले के तीनों नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कहीं भी जल भराव की स्थिति निर्मित न बने इस विषय को गंभीरता से लिया जाए। ग्रामीण क्षेत्र में सभी जनपद सीईओ भी ध्यान रखेंगे। उन्होंने सभी विकास खण्डों में कंट्रोल रूम की स्थापना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश का दौर प्रारंभ हो गया है पेयजल प्रदूषण से बचाव हेतु समय-समय पर लाल दवा आदि कुआं एवं ट्यूवेलों में डाला जाय। उन्होंने संबंधी क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की प्राकृतिक दुर्घटना घटने पर जिम्मेदार अधिकारी समय पर पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा सीएम राइज विद्यालयों के भवन निर्माण की जानकारी ली गई और संबंधी विभाग के अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए गए की मऊगंज सीतापुर मार्ग पर बरहटा गांव के पास जल भराव की स्थिति निर्मित है जहां पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था बनाकर निर्माण कराया जाए, जिससे पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था बनी रहे। कृषि विभाग के एसडीओ को निर्देश दिए गए की किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद बीज उपलब्ध कराई जाए। खाद का स्टॉक इतना बनाकर रखा जाए कि किसानों को खाद के लिए परेशानी ना हो। कलेक्टर श्रीवास्तव ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की किसानों को श्री अन्न की खेती करने के लिए प्रेरित किया जाए। किसानों को इस आशय के साथ प्रेषित किया जाए की मोटे अनाज को कम पानी की आवश्यकता होती है, और लाभ भी ज्यादा है। वहीं अन्य अनाजों की तुलना में कोदो, कुटकी, मक्का जैसे अनाज स्वास्थ्य के लिए भी अधिक लाभदायक है। आयोजित टीएल बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के खुझबा सुखदेव सिंह नामक गांव में मुनगा जैसे अति उपयोगी पौधे की खेती की कार्य योजना बनाई गई है। आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में मुनगा के ज्यादा से ज्यादा पौधों को रोपने हेतु क्षेत्र के किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बारिश का दौर प्रारंभ हो गया है सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वृक्षारोपण हेतु स्थान चिन्हित कर ले। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा वृक्षारोपण हेतु कार्य योजना तैयार करने के साथ-साथ रोपे जाने वाले पौधों की सुरक्षा व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक दौरान वृक्षारोपण हेतु पौधों की उपलब्धता हेतु वन विभाग के अधिकारियों से विस्तृत में चर्चा की गई। साथ ही इस विषय की भी चर्चा की गई की सबसे पहले वृक्षारोपण किन स्थानों पर किया जाय। कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा वृक्षारोपण हेतु स्थान निर्धारण करने के लिये निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि सड़क से गौ माता को घर ले जाना अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सरपंच,सचिव ,रोजगार सहायक एवं पटवारी गांव के सेवाभावी लोगों से मिले और उन्हें प्रेरित करें कि यदि आप अपने घर में दो की संख्या में गोवंश पाल रखे हैं तो उसी के साथ अपनी स्वेच्छा से सड़क पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को भी अपने घर ले आवे। निराश्रित पशुओं को स्वेच्छा से पालन पोषण करने वाले सेवाभावी पशुपालकों की सूची बनाने एवं सड़क एवं गांव में विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को पशुपालकों तक पहुचाने की व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेरा पहला उद्देश्य मऊगंज जिले के तीनों नगर परिषद क्षेत्रों के साथ नईगढ़ी विकासखंड के ग्राम जमुहरा को निराश्रित गोवंश मुक्त करना है। जिसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी निराश्रित गोवंश मुक्त गांव एवं ग्राम पंचायत बनाने में प्रयास है। जिसको लेकर मुहिम चलाई जाएगी। उन्होंने सभी विभाग के जिम्मेदारों को 1 वर्षीय एवं 5 वर्षीय काम करने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए । आयोजित टीएल बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकानों आंगनबाड़ी केंद्रों मध्यान भोजन स्कूल आदि के अनवरत निरीक्षण के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भूमि आवंटन संबंधी कार्य को गंभीरता के साथ करना सुनिश्चित किया जाए। आयोजित बैठक दौरान सभी विभाग के जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए कि जिस विभाग के जितने रिक्त पद हैं उसकी जानकारी अपने वरिष्ठ कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए की ऐसी व्यवस्था बनाई जाए की जमीन पर करंट ना उतरे जिससे दुर्घटना से बचा जा सके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए की ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि कम से कम समय तक के लिए विद्युत कटौती की जाए। उन्होंने कहा कि नया कानून 1 जुलाई से लागू हो गया है सभी को नए कानून की जानकारी होना जरूरी है। बैठक दौरान कलेक्टर श्रीवास्तव द्वारा सभी विभाग के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ सौरभ सोनवड़े द्वारा योजनाओं की विस्तृत में जानकारी दी गई और उपस्थित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयोजित टीएल बैठक में मुख्य रूप से अपर कलेक्टर अशोक कुमार ओहरी डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी एसडीएम मऊगंज बीपी पांडेय एसडीएम हनुमना राजेश मेहता सभी जनपद सीईओ मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी बैंक आजीविका मिशन कृषि सहकारिता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज मुख्यमंत्री करेंगे योजनाओं के किस्त का वितरण



**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत वर्ष में कुल राशि रुपए 6 हजार रूपये तीन समान किस्तों में प्रदान किए जाते है। हितग्राही परिवारों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की वर्ष 2024-25 की प्रथम किश्त किस्त का वितरण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आज जिला टीकमगढ़ से लाडली बहना योजना तथा उज्ज्वला योजना के गैस रीफिल अनुदान के साथ किया जायेगा। इस कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से प्रसारण जिला/ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाऐगा।

### जिले में 10 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 10 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षा मापी केन्द्र अनूपपुर में 24.2, कोतमा में 3, जैतहरी में 21.2, वेंकटनगर में 21.8, पुष्पराजगढ़ में 4.6, अमरकंटक में 2 तथा बेनीबारी में 3.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र बिजुरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### रोजगार सहायक नियुक्ति संबंधी शिकायत आवेदनों के निराकरण हेतु बैठक आज

**अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत लहरपुर, महुदा, खोलाड़ी के ग्राम रोजगार सहायक के नियुक्ति के संबंध में शिकायत आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति की बैठक आज 05 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने समिति के सभी सदस्यों को निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु बैठक आज

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2024 में सम्पन्न होने वाले निर्वाचनों हेतु मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया गया है। यह कार्यक्रम 2 जून से आरंभ होकर तीन चरणों में 12 सितम्बर तक अंतिम मतदाता सूची के सार्वजनिक प्रकाशन के साथ सम्पन्न होगा। मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित अधिकारियों के कर्तव्य व पुनरीक्षण के निर्देश जारी किए जा चुके हैं। इस संबंध में आज दोपहर साढे 12 बजे से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने इस बैठक में सर्व संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### यातायात नियमों का पालन करनें किया जागरूक

**बरही।** खितौली पुलिस चौकी प्रभारी केके पटेल ने अपने स्टाफ के साथ खितौली में नए कानून को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। टूव्हीलर फोर व्हीलर थ्री व्हीलर गाड़ियों के चालकों को यातायात नियमों के पालन करने सीट बेल्ट हेलमेट गाड़ियों के बीमा सभी कागज जात रखें समझाइश दी गई।

## आमजनों को आवागमन करने में हो रही परेशानी

# कोतमा नगर के सड़क में जगह-जगह हो गये गड्ढे

**ठेकेदार की मनमानी से सडक चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट**
**मंत्री के हस्तक्षेप के बाद भी विभाग नहीं कर रहा कार्यवाही**
**ठेकेदार के रसूख के आगे विभाग नत मस्तक**

**अनूपपुर/कोतमा।** बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है, सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण आमजन को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। कई बार नागरिकों ने नगर पालिका में शिकायत भी की लेकिन नगर पालिका के द्वारा यह कहा जाता है कि सड़क की जांच चल रही है जांच पूरी होने के बाद ही हम कुछ कर पाएंगे। जबकि इस सड़क का निर्माण पूर्व परिषद के कार्यकाल में वर्ष 2019 में करवाया गया था लेकिन ठेकेदार की मनमानी के कारण यह सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। वहीं ठेकेदार के रसूख के आगे विभाग नतमस्तक दिखाई पड रहा है और कार्यवाही करने से शहडोल से लेकर कोतमा तक के अधिकारी/कर्मचारी परहेज करते हुए ठेकेदार को अभयदान देने के चक्कर में लगे हुये है।

### निकाय निधि से करवाया कार्य

पूर्व परिषद के द्वारा वर्ष 2019 में नगर पालिका नीधि से लगभग 27 लाख की लागत से बस स्टैंड से जकीरा चौक तक ठेकेदार के माध्यम से सीसी सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था। और यह सड़क बनते ही उखड़ने लगी थी जिस पर नागरिकों ने आपत्ति जताई तो ठेकेदार ने रातों-रात सीसी सड़क के ऊपर डामरी करण सड़क का निर्माण कर दिया लेकिन वह सड़क भी ज्यादा दिन नहीं चली और बनते ही सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए सड़क उखड़ने लगी। भ्रष्टाचार की इबारत बनी इस सडक में नागरिको के द्वारा कई बार शिकायत के साथ ही पूर्व विधायक के द्वारा दो बार विधानसभा में प्रश्न उठाया गया, लेकिन उपर से लेकर नीचे तक भ्रष्टाचार में डूबे नुमाइंदो को आज तक इस प्रश्न का कोई जवाब नही मिला।



### विधानसभा में उठाया गया था प्रश्न

कांग्रेस के पूर्व विधायक एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के द्वारा सड़क की गुणवत्ता को लेकर उच्च अधिकारियों को शिकायत की गई थी। पूर्व विधायक के द्वारा विधानसभा में प्रश्न भी उठाया गया था और उसके बाद सड़क की गुणवत्ता की जांच की गई थी जिसमें संभाग के नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा ठेकेदार को सड़क की गुणवत्ता की हरी झंडी दे दी गई थी। दोबारा फिर से पूर्व विधायक के द्वारा विधानसभा में प्रश्न उठाया गया जिसकी जांच के लिए नगरीय प्रशासन शहडोल को जांच कमेटी गठित कर गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन आज तक सड़क की गुणवत्ता की ना तो जांच हुई और ना ही दोबारा से सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया।

### मंत्री के पास हुई शिकायत

मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल को नगर पालिका सभाकक्ष में बैठक के दौरान लोगों ने शिकायत भी सड़क की गुणवत्ता एवं निर्माण कार्य को लेकर की जिस पर मंत्री ने तत्काल ही नगरीय प्रशासन विभाग शहडोल से बात की और उन्हें सड़क का निर्माण कार्य करवाए जाने के निर्देश दिए लेकिन उसके बाद भी सड़क का निर्माण कार्य दोबारा से नहीं करवाया जा रहा।

### बारिश में परेशान

बारिश का मौसम शुरू हो गया है। गुरुवार को तेज




बारिश होने के कारण बस स्टैंड से जकीरा चौक तक जाने वाली सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने के कारण बारिश का पानी भर गया जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। दो पहिया वाहन चालकों को सड़क में गड्ढे पानी भरने के कारण नजर ही नहीं आ रहे थे जिसके कारण चालकों को दुर्घटना का अंदेशा बना रहा। पूर्व परिषद के द्वारा सड़क की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार का भुगतान भी रोक दिया गया था वर्तमान में भी सड़क निर्माण की जांच होने के कारण नगर पालिका के द्वारा यह कहा जा रहा है कि ठेकेदार को अभी भुगतान नहीं किया गया है लेकिन अंदर की बात नगर पालिका एवं ठेकेदार ही जाने ठेकेदार की कमियो का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

# कोतमा में लगातार हो रही चोरी की वारदात

### पुलिस की निष्क्रियता पर उठ रहे सवाल

**कोतमा।** क्षेत्र में बेतहाशा हो रही चोरी की घटनाओं ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है आए दिन घरों एवं दुकानों के ताले टूट रहे हैं। बीच बाजार खड़ी दो पहिया वाहन की चोरी सहित धार्मिक स्थल मंदिरों में लगातार हुई चोरी ने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। चार दिनों के अंदर दो चोरी की घटनाएं घटित हुई। कपड़ा व्यापारी विपुल गोयनका के यहां गोदाम में हुई लाखों की चोरी की जांच अभी चली रही थी कि रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश ताम्रकार जो सब्जी खरीदने बाजार आए थे आजाद चौक के समीप किसी अज्ञात जेब कतरे द्वारा उनकी जेब को काटते हुए वीवो कंपनी का कीमती मोबाइल चोरी कर फरार हो गया। चोरी की शिकायत भाजपा नेता द्वारा थाना कोतमा में दी गई जिसके बाद पुलिस ने आनन फानन में कुछ संदेहियों को थाने लाकर पूछताछ प्रारंभ कर दी थी। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से नगर के व्यापारी एवं आम नागरिक भयभीत हैं। पुलिस के द्वारा अभी तक नगर में हुई एक दर्जन से ज्यादा चोरियों का



खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। वहीं पुलिस के द्वारा दो पहिया वाहन चोरी एवं नगर के व्यापारी विपुल गोयनका के गोदाम में हुई लाखों की चोरी का मामला भी दर्ज नहीं कर पाई है। पूर्व में नगर के वार्ड क्रमांक एक फिल्टर मोहल्ला में 8 जून की रात्रि सील भद्र जोशी की दो पहिया वाहन चोरी हो गई थी जिसकी शिकायत लिखित में उनके द्वारा खाने में दर्ज कराई गई थी लेकिन पुलिस के द्वारा 18 दिन बाद 26 जून को दो पहिया वाहन चोरी का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही लगातार नगर से दो पहिया वाहन चोरी की घटना घटित हो रही है। इसके पूर्वी नगर के वार्ड क्रमांक 7 ज्योति पेट्रोल पंप के पीछे निवास करने वाले शिक्षक सुधीर सक्सेना के सूने घर से दो-तीन मार्च की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ते हुए घर में रखें सोने चांदी के आभूषण सहित लगभग 20 लाख रुपए की चोरी को अंजाम दिया था। इसी तरह नगर के शारदा काली मंदिर में दो बार अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। नगर के बस स्टैंड में स्थित गणेश मंदिर में अज्ञात चोरों के द्वारा मंदिर में लगी घंटी एवं लोहे का गेट चोरी कर ले गए। नगर के पंचायती मंदिर के पास अशोक जैन के कपड़ा दुकान में छप्पर तोड़ते हुए अज्ञात चोरों ने दो बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। नगर के वार्ड क्रमांक 10 में पान दुकान का ताला तोड़ते हुए दुकान में रखें गैस सिलेंडर चूल्हा सहित दुकान का पूरा सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। लेकिन पुलिस के द्वारा आज तक चोरों का पता लगाने में नाकाम साबित हुई। नगर में आए दिन हो रही चोरी की घटना को लेकर नागरिकों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों एवं नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस के द्वारा नगर में हो रही चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई तो हम लोग पुलिस अधीक्षक एवं मध्यप्रदेश के मंत्री दिलीप जायसवाल को ज्ञापन देते हुए आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर हो जाएंगे।

# किसी भी हालात में लौटने को नहीं राजी दोनों हाथी

### पश्चिम बंगाल के दल एवं वन विभाग को दे रहे चकमा

**अनूपपुर।** जिले में विगत 19 दिन से छत्तीसगढ़ राज्य से आए दो नर हाथियों ने निरंतर अनूपपुर एवं जैतहरी क्षेत्र के जंगलों में दिन में ठहरने बाद रात होते ही आसपास के ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। वहीं खेत एवं बांड़ी में लगे विभिन्न तरह के फलों तथा फसलों को अपना आहार बना रहे हैं। हाथियों को जिले से बाहर किए जाने हेतु प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा निरंतर नए-नए तरीके से प्रयोग किया जा रहा है किंतु दोनों हाथी वापस जाने को किसी भी तरह तैयार नजर नहीं आ रहे हैं। विगत रात हाथियों ने दुधमनिया बीट के जंगल से देर रात निकल कर बांका गांव में एक किसान की बांड़ी में लगे कटहल के फलों को अपना आहार बनाया तथा खेत में भरे पानी में लोट-लोट कर नहाते हुए सुबह होने पर केकरपानी गांव से लगे जंगल 358, 357 में विचरण करते हुए देर शाम राजामचान, बधियाटोला होते हुए वर्तमान समय ठेंगरहा एवं गोबरी के बीच विचरण कर रहे हैं। यह दोनों हाथी पश्चिम बंगाल से आए हो हुल्ला पार्टी के द्वारा भगाए जाने के बाद भी निरंतर सभी को चकमा देते हुए लेन्टना की झाड़ियो, बड़े-बड़े नाला, गढार छुप जाते हैं जिन्हें खोजते-खोजते पहुंचने पर पुनः दोनों हाथी दूसरे स्थान पर चले जा रहे हैं। वही विगत तीन दिनों से निरंतर दिन एवं रात में अत्यधिक वर्षा होने के कारण बीच जंगलों में पैदल एवं खेतों में चलना सभी के लिए मुश्किल हो रहा है। गुरुवार की देर शाम यह दोनों हाथी किसी और अपना



रुख करेंगे यह देर रात होने पर ही पता चल सकेगा। हाथियों के विचरण पर अनूपपुर वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पेन्द्रे वनविभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ निरंतर नजर बनाए हुए हैं। वही ग्रामीणों को हाथियों के पीछे-पीछे न चलने, हाथियों का रास्ता न रोकने,अपने खेतों व घरो के आसपास गैर कानूनी सामग्रियों का उपयोग न किए जाने जैसी सलाह दी जा रही है। विगत दिनों कुछ गांव में कुछ ग्रामीणों द्वारा हाथियों के प्रवेश को रोकने के लिए खेतों एवं घरों के आसपास आपत्तिजनक सामग्रियों का प्रयोग किए जाने की गोपनीय सूचना पर वन विभाग के द्वारा डांग एस्कॉर्ट शहडोल के माध्यम से जगह-जगह गोपनीय तरीके से परीक्षण कराए जाने की कार्यवाही भी की जा रही है ताकि ग्रामीणों की नासमझी से फिर कहीं कोई बड़ी दुर्घटना ना हो सके।

## 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के नामांकन पश्चात मैपिंग कार्य सुनिश्चित करें-कलेक्टर

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के नामांकन पश्चात समग्र शिक्षा पोर्टल पर मैपिंग का कार्य की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधा मुहैया होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार अध्ययन-अध्यापन कार्य तथा अन्य अनुशांगिक गतिविधियां आयोजित की जाए तथा सभी गतिविधियों की जानकारी जिला शिक्षा केन्द्र (सर्व शिक्षा अभियान) कार्यालय को समय-समय पर उपलब्ध कराएं। कलेक्टर आशीष



वशिष्ठ आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित जिला शिक्षा केन्द्र समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक महेन्द्र यादव, जिले के चारो विकासखण्डों के खण्ड स्त्रोत समन्वयक तथा जिला शिक्षा केन्द्र के सहायक परियोजना समन्वयक व सर्व संबंधित उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने विकासखंडवार नामांकन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले में अभी तक 84.3 प्रतिशत नामांकन किया गया है। जिस पर कलेक्टर ने अभियान चलाकर शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों की मैपिंग के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने पुस्तक वितरण की स्थिति, गणवेश वितरण की स्थिति, स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत नवभारत साक्षरता अभियान की स्थिति, शाला त्यागी बच्चों की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने शाला त्यागी बच्चों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को पुनः विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अनूपपुर जिले से बाहर रहते हैं, उनकी भी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर पोर्टल में दर्ज कराएं।

# डायवर्सन और बैंक बकायादारों से एक सप्ताह में की जाए वसूली-कलेक्टर

### अवैध कॉलोनी, फायर ऑडिट व राजस्व कार्यों की कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनूपपुर।** भू-राजस्व डायवर्सन तथा बैंक बकायादारों से राजस्व राशि वसूली की कार्यवाही एक सप्ताह में की जाए। बकायादारों के द्वारा राशि जमा नही करने पर नियमानुसार सम्पत्ति के कुर्क करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने राजस्व अधिकारियों की कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत, अनुविभागीय अधिकारी कोतमा अजीत तिर्की, अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी श्रीमती अंजली द्विवेदी, अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल सहित जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम जन-मन योजना के तहत लंबित जाति प्रमाण पत्रों के



निराकरण अनुभागवार करने के संबंध में योजना बनाकर प्रतिदिन प्रकरणों के निराकरण में तत्परता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि अनुविभागीय अधिकारी प्रतिदिन जाति प्रमाण पत्र की प्रगति की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों तथा लोक सेवा गारण्टी के तहत लंबित प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक सेवा गारण्टी के समय-सीमा से बाह्य प्रकरणों की स्थिति भविष्य में उत्पन्न न हो, इसका ध्यान रखा जाए। बैठक में भू-अर्जन के लंबित मुआवजा प्रकरणों के निराकरण कर काश्तकारों को लाभान्वित करने तथा जिले में जंगली हाथियों के विचरण से ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान का मुआवजा समय पर वितरित करने तथा सर्पदंश, आकाशीय बिजली, तालाब, नदी में डूबने से मृत्यु तथा अन्य आपदा की घटनाओं में राज्य शासन के प्रावधान अनुसार राहत राशि के प्रकरणों को प्राथमिकता में निराकृत कर राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वर्षा ऋतु को देखते हुए सर्पदंश तथा अन्य आवश्यक दवाईयों की प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त उपलब्धता के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में खसरा तथा पीएम किसान योजना के हितग्राहियों के ई-केवायसी कार्य को पुनः अभियान के रूप में संचालित कर शेष बचे लोगों का ई-केवायसी किया जाना सुनिश्चित किया जाए। ई-केवायसी कार्य हेतु हल्का पटवारी, ग्राम पंचायतों के सचिव एवं मोबलाईजर का सहयोग लिया जाए। उन्होंने ई-केवायसी कार्य के लिए माईक्रो प्लानिंग कर शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने फायर ऑडिट के कार्यवाही के संबंध में राजस्व अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए समय-समय पर निरीक्षण कर शासन के द्वारा जारी किए गए। दिशा निर्देश व मापदण्ड अनुसार फायर सुरक्षा नियमों का पालन कराने के निर्देश दिए।बैठक में साईबर तहसील के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने डायवर्सन एवं भूमि आवंटन के प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण के कार्य की मॉनीटरिंग तथा सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से पौधरोपण के कैलेण्डर प्राप्त कर प्रतिदिन एक स्थान पर जाकर पौधरोपण कर सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्शा तरमीम कार्य की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के निराकरण की जानकारी प्राप्त की तथा राजस्व अधिकारियों को लंबित नक्शा तरमीम प्रकरण, न्यायालयीन प्रकरणों, सम्पदा के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए।



# जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा 54 आँगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण

### आसान होगी बच्चों की खेल-खेल में शिक्षा तथा सुविधाएं

**अनूपपुर।** खेल-खेल में पूर्व प्राथमिक शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों का उद्देश्य बच्चों का मानसिक विकास करना है, जिससे वह प्राथमिक स्कूल में बेहतर तरीके से शिक्षा प्राप्त कर सकें। जिले के सभी स्वीकृत आँगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन शासकीय भवन में संचालित करने के उद्देश्य से जिला अंतर्गत 54 आँगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा स्वीकृत 54 आँगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्य की सघन मॉनीटरिंग की जा रही है। आँगनबाड़ी केन्द्र के अपने भवन होने से बच्चों को सुविधाएं तो होगी ही साथ ही बच्चों को पूरक पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच आदि की सुविधाएं आसान होगी। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले के नवनिर्मित आँगनबाड़ी केन्द्रों को बेबी फ्रेन्डली बनाए जाने के निर्देश दिए हैं, जिसके अनुरूप आँगनबाड़ी भवन को आकर्षक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे आँगनबाड़ी केन्द्र में सरलता से उपस्थित हों।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अभिसरण से राज्य आयोजना मद अंतर्गत 31, प्रधानमंत्री आदर्श आँगनबाड़ी केन्द्र के तहत 2, प्रधानमंत्री जन-मन कार्यक्रम अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीव्हीटीजी) क्षेत्र में 7, जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा 8 तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 6 आँगनबाड़ी केन्द्र भवनों की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत इन आँगनबाड़ी केन्द्रों में 9 के निर्माण कार्य पूर्ण हो गए हैं। वही शेष स्वीकृत आँगनबाड़ियों के कार्य प्रगतिरत है। निमार्णाधीन आँगनबाड़ी केन्द्रों की कलेक्टर एवं जिपं. सीईओ द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जा रही है, जिससे कार्यों की समय पर पूर्णता हो सके।